HIMACHAL PRADESH JICA AGRICULTURE PROJECT

DAILY DIARY

HAMIRPUR: 28 MARCH, 2026

जिला मंडी में 88.92 लाख की सिंचाई उप-परियोजना का हस्तांतरण, 209 किसानों को मिलेगा लाभ

मंडी, 28 मार्च: हिमाचल प्रदेश में किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कृषि परियोजना जायका के तहत निर्मित ठंडी बावड़ी–भडयाल सिंचाई उप-परियोजना का हस्तांतरण किया गया। इससे 50.76 हेक्टेयर क्षेत्र के 209 किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस उप-परियोजना के निर्माण पर करीब 88.92 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। परियोजना के तहत 1812 मीटर मुख्य चैनल और 1309 मीटर वितरण चैनल बनाए गए हैं, जिससे खेतों तक पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। कार्यक्रम में एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने इसे कृषि विकास की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए किसानों से नकदी फसलों की ओर बढ़ने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि और पशुपालन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। इस दौरान अधिकारियों ने जैविक खेती अपनाने, रासायनिक दवाइयों के कम उपयोग और फसल विविधीकरण पर जोर दिया। साथ ही योजना के बेहतर रखरखाव के लिए किसानों को सामूहिक प्रयास और

नियमित बैठकों की आवश्यकता बताई गई। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. हेमराज वर्मा, खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. राजेश कुमार, कृषि विकास अधिकारी डॉ. हंसराज वालिया सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।